**Series BVM/C**

कोड नं.
Code No. **100**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 8 हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 28 प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **8** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **28** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# फ़ैशन अध्ययन

# FASHION STUDIES

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 70*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 70*

**सामान्य निर्देश :**

*(i)* इस प्रश्न-पत्र में चार खण्ड अ, ब, स तथा द हैं । खण्ड अ में **7** प्रश्न हैं जिनके प्रत्येक के **1** अंक हैं । खण्ड ब में **8** प्रश्न हैं जिनके प्रत्येक के **2** अंक हैं । खण्ड स में **9** प्रश्न हैं जिनके प्रत्येक के **3** अंक हैं और खण्ड द में **4** प्रश्न हैं जिनके प्रत्येक के **5** अंक हैं ।

*(ii)* **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

*(iii)* प्रश्न-पत्र में समग्र रूप से कोई विकल्प नहीं है । यद्यपि, 1 अंक वाले दो प्रश्नों में, 2 अंकों वाले दो प्रश्नों में, 3 अंकों वाले तीन प्रश्नों में तथा 5 अंकों वाले सभी चारों प्रश्नों में आन्तरिक चयन विकल्प उपलब्ध है । ऐसे प्रश्नों में आपको दिए गए विकल्प में से केवल एक ही विकल्प करना है ।

*(iv)* प्रश्न संख्या **1** से **7** में प्रत्येक का उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में दीजिए ।

*(v)* प्रश्न संख्या **8** से **15** में प्रत्येक का उत्तर लगभग **20 – 30** शब्दों में दीजिए ।

*(vi)* प्रश्न संख्या **16** से **24** में प्रत्येक का उत्तर लगभग **30 – 50** शब्दों में दीजिए ।

*(vii)* प्रश्न संख्या **25** से **28** में प्रत्येक का उत्तर लगभग **80 – 120** शब्दों में दीजिए ।

*(viii)* जहाँ केवल चित्र आवश्यक हों वहाँ शब्द सीमा लागू नहीं होगी ।

**General Instructions :**

*(i)* *This question paper consists of four Sections A, B, C and D. Section A contains **7** questions of **1** mark each. Section B contains **8** questions of **2** marks each. Section C contains **9** questions of **3** marks each and Section D contains **4** questions of **5** marks each.*

*(ii)* ***All** questions are compulsory.*

*(iii)* *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in two questions of 1 mark, two questions of 2 marks, three questions of 3 marks and all the four questions of 5 marks weightage. Attempt only one of the choices in such questions.*

*(iv)* *Questions No. **1** to **7** are to be answered in one word or one sentence each.*

*(v)* *Questions No. **8** to **15** are to be answered in approximately **20 – 30** words each.*

*(vi)* *Questions No. **16** to **24** are to be answered in approximately **30 – 50** words each.*

*(vii)* *Questions No. **25** to **28** are to be answered in approximately **80 – 120** words each.*

*(viii)* *Where only diagrams are asked word limit does not apply.*

## खण्ड अ

## SECTION A

**1.** 'स्कारिफीकेशन' को परिभाषित कीजिए । *1*

Define 'Scarification'.

**2.** सिलाई के शुरूआती दिनों में खाका बनाने की बहुत सी विधियाँ क्यों तैयार की गई थीं ? *1*

Why were several systems of pattern constructions devised in the early days of tailoring ?

**3.** नवजात शिशुओं के लिए पूर्व-निर्मित (रेडिमेड) कपड़ों का चुनाव करते समय किन दो कारकों का ध्यान रखा जाता है ? *1*

**अथवा**

घुटलिए चलने वाले शिशुओं (टॉडलर्स) के लिए पूर्व-निर्मित (रेडिमेड) कपड़ों का चुनाव करते समय किन दो कारकों का ध्यान रखा जाता है ? *1*

Mention two factors considered while selecting readymade garments for infants.

**OR**

Mention two factors considered while selecting readymade garments for toddlers.

**4.** आप ऑफ़-ग्रेन कपड़े को कैसे ठीक कर सकते हैं ? *1*

**अथवा**

ऑफ़-ग्रेन कपड़े से आप क्या समझते हैं ? *1*

How can you correct off-grain fabric ?

**OR**

What do you understand by off-grain fabric ?

**5.** खाका अभिकल्पकों ने खाके को ड्रेस फॉर्म पर लपेटना क्यों शुरू किया ? *1*

Why did pattern designers start draping patterns on a dress-form ?

**6.** "फैशन-राजधानी" शब्द का विस्तार कीजिए । *1*

Elaborate the term 'Fashion Capital'.

**7.** किस तरह के कपड़ों को ताप-सुनम्य किया जा सकता है और क्यों ? *1*

What kind of fabrics can be heat-set and why ?

## खण्ड ब
## SECTION B

**8.** रंग और कपड़ों के आधार पर पुरुषों और महिलाओं के वस्त्रों में अन्तर स्पष्ट कीजिए । *2*

Differentiate between men's wear and women's wear on the basis of colour and fabrics.

**9.** निम्नलिखित के लिए शब्द दीजिए : *2*

(क) कॉलर का किनारा जो गले की रेखा के साथ सिला जाता है

(ख) वक्ष का सबसे ऊँचा बिन्दु

(ग) कॉलर का बाहरी किनारा

(घ) डार्ट के दो पाँवों के बीच की दूरी

Give the term for the following :

(a) The edge of the collar that is stitched to the neckline

(b) Highest point on the bust

(c) Outer edge of the collar

(d) Distance between the two legs of a dart

**10.** एक 'अच्छी-काट' का क्या महत्त्व है ? खराब-काट का तैयार परिधान पर क्या प्रभाव होता है ? *2*

**अथवा**

अच्छे-फिट से आप क्या समझते हैं ? फिट के विभिन्न कारकों की सूची दीजिए । *2*

Why is 'good-fit' important ? What is the effect of poor-fitting on a finished garment ?

**OR**

What do you understand by good-fit ? List various factors of fit.

**11.** 'इन्टरलाइनिंग' क्या है और इसे क्यों लगाया जाता है ? *2*

**अथवा**

एक तरफ प्रिन्ट वाले कपड़ों पर पैटर्न बिछाते समय किन दो बातों का ध्यान रखा जाता है ? *2*

What is interlining and why is it applied ?

**OR**

State two considerations in layout of directional fabrics.

**12.** कॉर्पोरेट संस्कृति ने पुरुषों के पहनावे को किस प्रकार प्रभावित किया है ? दो कारण दीजिए । *2*

How has corporate culture influenced men's wear ? Give two reasons.

13. फ्लाई-फ्रँट प्लैकट और फ्रेंच प्लैकट में अन्तर स्पष्ट कीजिए । *2*

Differentiate between Fly-front placket and French placket.

14. खुदरा विक्रेता और उत्पादक ट्रेन्ड विश्लेषकों और एजेन्सियों द्वारा किए जाने वाले ट्रेन्डों के व्यावसायिक विश्लेषण का इन्तजार क्यों करते हैं ? *2*

Why do retailers and manufacturers wait for the professional analysis of trends by trend analysts and agencies ?

15. कौन-सी कम्पनी ने सबसे पहले 'स्टड्स' को ट्रिमिंग की तरह प्रयोग किया और क्यों ? इसके दो प्रकार बताइए । *2*

Which company was the first one to use 'studs' as trimming and why ? Mention its two kinds.

## खण्ड स
## SECTION C

16. आपको एक वयस्क की आधी आस्तीन का खाका बनाना है । इसके लिए किन-किन नापों की आवश्यकता है और उन्हें ड्रेस-फॉर्म पर किस तरह मापेंगे ? *3*

You have to prepare a pattern for an adult's half-sleeve. What are the measurements required and how will you take them on a dress form ?

17. उत्तारिया को लपेटने के विभिन्न तरीकों का वर्णन कीजिए । *3*

**अथवा**

अन्तारिया को लपेटने के विभिन्न तरीकों का वर्णन कीजिए । *3*

Describe the various styles of draping Uttariya.

**OR**

Describe the various styles of draping Antaria.

18. परिधानों में लगाने वाली तीन तरह की आस्तीनों की संक्षिप्त व्याख्या कीजिए । *3*

**अथवा**

परिवर्तनीय व अपरिवर्तनीय कॉलर में अन्तर दीजिए । दोनों का एक-एक उदाहरण दीजिए । $1+1+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=3$

Briefly explain the three types of sleeves used in garments.

**OR**

Give the difference between convertible and non-convertible collars. Give one example of each.

**19.** दो हिस्सों वाले परिधानों की उरुसन्धि में पड़ने वाली तिरछी सिकुड़न के तीन कारण कौन-से हैं ? *3*

What are the three causes of diagonal wrinkles in the crotch area of bifurcated garments ?

**20.** सैनिक और कानून प्रवर्तन एजेंसियाँ, छद्मावरण छापे और खाकी रंग का प्रयोग क्यों करती हैं ? व्याख्या कीजिए । *3*

Why are camouflage prints and khaki colours used by army and law enforcement agencies ? Explain.

**21.** 'शरीर रूपांतरण' क्या है और इसे क्यों किया जाता है ? *3*

What is 'body modification' ? Why is it done ?

**22.** परिधान को वार्प, वेफ्ट और तिरछे तन्तु पर काटने के लिए, पैटर्न पर तन्तुरेखा कैसे बनाई जाती है ? चित्रों सहित व्याख्या कीजिए । *3*

**अथवा**

पेपर पैटर्न पर संकेतित सभी चिह्नों की एक सूची बनाइए । उनमें से कोई चार चिह्न बॉडिस ब्लॉक के चित्र पर दर्शाइए । *3*

How are grainlines drawn on the pattern to cut the garment on warp, weft and bias grain ? Explain with diagrams.

**OR**

Make a list of all the markings that are indicated on a paper pattern. Show any four of these on the diagram of a bodice block.

**23.** कपड़ों को सीधा करने की तीन प्रणालियों का संक्षेप में वर्णन कीजिए । यह किस प्रकार के कपड़े पर प्रयोग किए जाते हैं ? *3*

Briefly describe the three methods of straightening fabrics. On which type of fabric can each method be used ?

**24.** निम्नलिखित नापों को आप ड्रेस-फॉर्म पर किस प्रकार मापेंगे ? *3*

(क) बॉडिस की साइड सीवन

(ख) अग्रिम कूल्हे की रेखा

(ग) शोल्डर ब्लेड

How do you take the following measurements on a dress-form ?

(a) Side seam of bodice

(b) Front hip line

(c) Shoulder blade

## खण्ड द

## SECTION D

**25.** ‘कवच’ शब्द की परिभाषा दीजिए । कवच बनाने की किन्हीं पाँच विभिन्न विधियों की चर्चा कीजिए । *5*

**अथवा**

मिस्र के सैनिकों की युद्ध-पोशाक का वर्णन कीजिए । *5*

Define the term ‘Armour’. Discuss any five different methods of armour construction.

**OR**

Describe the war uniforms of Egyptian soldiers.

**26.** आप चोली के एक डार्ट वाले स्लोपर को किस तरह से प्रिन्सेस लाइन वाले पैटर्न में बदलेंगे ? साफ़ व नामांकित चित्रों सहित व्याख्या कीजिए । *5*

**अथवा**

शोल्डर डार्ट को, बगल के नीचे की सीवन में स्थानान्तरित करने की विधि का साफ़ व नामांकित चित्रों सहित व्याख्या कीजिए । *5*

Explain the steps of converting a single-dart sloper of bodice block into a princess line pattern, with neat diagrams.

**OR**

Explain the method of shifting shoulder dart to underarm seam, with neat labelled diagrams.

**27.** “पुरुषों की क्लासिक कमीज़ की कुछ खास विशेषताएँ होती हैं ।” व्याख्या कीजिए । *5*

**अथवा**

(क) ‘सूट’ किसे कहते हैं ? इसके दो प्रकारों का विस्तार से वर्णन कीजिए ।

(ख) ‘टोडलर’ और ‘कलर-पैलट’ शब्दों का विस्तृत वर्णन कीजिए । *5*

"Men's classic shirt is characterized by some special features." Explain.

**OR**

(a) What is suit ? Describe its two types in detail.

(b) Elaborate the terms, 'Toddlers' and 'Colour-Palette'.

**28.** आकृतिक पट्टी द्वारा, काटे हुए गले की रेखा को फिनिश करने के चरणों की नामांकित चित्रों द्वारा व्याख्या कीजिए । *5*

**अथवा**

परिधान की गोल गलरेखा को तिरछी पाइपिंग जोड़ने के चरण विस्तार से समझाइए । *5*

Explain the steps of finishing slash neckline with shaped facing with neat labelled diagrams.

**OR**

Explain the steps of attaching a bias piping to a round neckline of a garment.